APP-A
Crime-I

FORM N0. III

फर्द अहकाम
(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

केसर बनाम गुलाबी व अन्य

किस्म मुकदमा/प्रा0 प0 बा0 दा0./नं0 202 /सन् 2019 जिला नागौर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.08.2019	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी/ अपीलार्थी अभिभाषक श्री सोहनपाल सिंह चौधरी उपस्थित हैं। यह प्रार्थना पत्र अपील संख्या 12/2012 (2011/00064) बउनवान केसर बनाम गुलाबी व अन्य में न्यायालय हाजा द्वारा पारित आदेश दिनांक 10–05–2019 जिसके द्वारा अपील को अदम तकमील में खारिज किया गया है, को पुनः नम्बर लिया जाकर अपील पुनः दर्ज किये जाने हेतु दिनांक 10.06.2019 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी/ अपीलार्थी अभिभाषक को प्रार्थना पत्र के तथ्यों पर सुना गया। प्रार्थी/ अपीलार्थी द्वारा बाजदायरी प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया गया है कि वे अपील में नियत तारीख पेशी दिनांक 10.05.2019 को हाजिर हुए तब अपील में उनको आगामी पेशी 04.07.2019 की दी गई थी जिसके बाद अपनी केस डायरी(दैनिक पेशी रजिस्टर) में भी अंकन किया गया है जिसको सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थी/ अपीलार्थी अभिभाषक ने यह भी तर्क दिया कि वे अन्य मुकदमें की पैरवी करने हेतु दिनांक 07.06.2019 को हाजिर हुए तब राजस्व बार एसोसिएशन के अन्य अभिभाषक गण ने पीठासीन अधिकारी से दिनांक 07.06.2019 को मिलकर उनको अवगत कराया कि दिनांक 10.05.2019 में नियत उनके प्रकरण को माननीय न्यायालय द्वारा अदम हाजरी अदम पैरवी में तारीख पेशी नियत करने के बावजूद खारिज कर दिया गया है। इसके बाद प्रार्थी/ अपीलार्थी अभिभाषक ने भी दिनांक 07.06.2019 को माननीय न्यायालय की दिनांक 10.05.2019 दैनिक वाद सूची का अवलोकन किया गया तब इस अपील में आगामी पेशी दिनांक 04.07.2019 नियत की गई, जिसको कांट छांट कर अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज करने का उल्लेख किया गया। इस प्रकार सर्वप्रथम जानकारी दिनांक 07.06.2019 के बाद बाजदायरी प्रार्थना पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थी/ अपीलार्थी अभिभाषक ने अपीलार्थी केसर को हर तारीख पेशी पर माननीय न्यायालय के समक्ष हाजिर होने से मना कर रखा था इस कारण अपीलार्थी भी	

संभागीय आयुक्त,
अजमेर

Scanned by CamScanner

केसर बनाम गुलाबी व अन्य

किस्म मुकदमा / प्रा0 प0 बा0 दा0. / नं0 / सन् 2019 जिला नागौर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थी / अपीलार्थी अभि0 – श्री सोहनपाल सिंह चौधरी उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 10.05.2019 को हाजिर नहीं हो सकी। प्रार्थी / अपीलार्थी अभिभाषक उपरोक्त अपील में हर तारीख पेशी पर माननीय न्यायालय के समक्ष हाजिर होता रहा हैं तथा अपीलार्थी केसर की तरफ से पैरवी करता चला आ रहा है। अपील में नियत पेशी दिनांक 10.05.2019 को भी उपस्थित हुआ था एवं अपील में आगामी पेशी दिनांक 04.07.2019 नियत कर दी गई थी जिसमें कांट छांट कर अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज करने का उल्लेख है अतः उक्त अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने हेतु पर्याप्त एंव समुचित कारण उपलब्ध है अतः बाजदायरी प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील को पुनः नम्बर पर लिया जावे तथा गुणावगुण पर निर्णित किया जावें। प्रार्थी / अपीलार्थी अभिभाषक की बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र बाजदायरी अन्दर मियाद होने से दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। अपील व प्रार्थना पत्र बाजदायरी का अवलोकन किया गया। मूल अपील अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज नहीं की जाकर अदम तकमील में खारिज की गई है । अतः प्रस्तुत प्रार्थना बाजदायरी नियमानुसार इस न्यायालय में पोषनीय नहीं होने से स्वीकार किये जाने योग्य नहीं होने के कारण अस्वीकार होकर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखील दफ्तर हो । संभागीय आयुक्त, अजमेर	

Scanned by CamScanner